दैनिक

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

वर्ष :-04
अंकः-210
मुरादाबाद
11 December 2024
(Wednesday)
पृष्ठः-08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## साइबर अपराध मानवाधिकारों के लिए खतरा, राष्ट्रपति मुर्मु ने AI के प्रभाव पर की बात




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि एआई अब हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में कदम रख चुकी है और वह कई समस्याओं का समाधान कर रही है लेकिन हमारे सामने कई नई समस्याएं भी खड़ी हो रही है।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मानवाधिकार दिवस के मौके पर मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि साइबर अपराध एवं जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नए खतरे हैं। मानवाधिकार दिवस हर साल 10 दिसंबर को मनाया जाता है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, जब हम भविष्य की तरफ बढ़ रहे हैं तो हमारे सामने नयी उभरती चुनौतियां पेश हो रही हैं। साइबर अपराध, जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नए खतरे हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग परिवर्तनकारी तो है लेकिन इसके साथ साइबर अपराध, डीप फेक, गोपनीयता की चिंता और गलत सूचना का प्रसार जैसे जटिल मुद्दे भी सामने आए हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने एआई और मानव जीवन पर उसके प्रभाव के पहलू पर भी बात की। उन्होंने कहा,

एआई अब हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में कदम रख चुकी है और वह कई समस्याओं का समाधान कर रही है लेकिन हमारे सामने कई नई समस्याएं भी खड़ी हो रही है।

उन्होंने बताया कि अबतक मानवाधिकारों पर विमर्श मानव एजेंसी पर केंद्रित रहा है क्योंकि उल्लंघनकर्ता को मानव माना जाता है जिसमें करूणा अपराध बोध जैसी विविध मानवीय संवेदनाए होती हैं। जलवायु परिवर्तन पर बात करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह मुद्दा वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की सोच पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर करता है।

## 'सरकार खुद चर्चा नहीं करना चाहती', कांग्रेस की बैठक के बाद भाजपा पर प्रियंका गांधी का पलटवार

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने बताया कि विपक्ष उन्हें बोलने नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी आवाज को दबाया जा रहा है। विपश्र पर निशाना साधते हुए उन्होंने आगे कहा कि उनमें चर्चा करने की हिम्मत नहीं है।लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सांसदों के साथ बैठक की। इस बैठक के बाद कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पार्टी के नेता संसद में चर्चा करना चाहते हैं, लेकिन सत्तारूढ़ पार्टी ऐसा नहीं चाहती है। उन्होंने बताया कि आज की बैठक संसद के मुख्य कमेटी रूम में की गई। बता दें कि विपक्षी गठबंधन के नेता संसद परिसर में अदाणी मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पत्रकारों से बात करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा, हम रोज चर्चा करने की कोशिश करते हैं, लेकिन वे चर्चा करना नहीं चाहते। इसलिए वे किसी न किसी कारण से सदन स्थगित करवा देते हैं।



सरकार के आरोपों पर कांग्रेस ने दी प्रतिक्रिया- विपक्ष के सदन में बाधा डालने के सरकार के आरोपों पर कांग्रेस ने प्रतिक्रिया दी। कांग्रेस नेता मनिकम टैगोर ने कहा, हमें यह समझना होगा कि वे विपक्ष के नेता पर हमला करते हैं। संसद में अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हम कह रहे हैं कि जिन असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल हो रहा है उसे हटा दिया जाए। राहुल ने कहा कि हम चाहते हैं कि संसद चले। भाजपा सांसद ने लगाए आरोप- भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने बताया कि विपक्ष उन्हें बोलने नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी आवाज को दबाया जा रहा है। भाजपा सांसद ने कहा, मेरी आवाज को दबाया जा रहा है। विपक्ष मुझे बोलने नहीं दे रहा है। उनमें चर्चा करने की हिम्मत नहीं है। वे केवल देश को तोड़ने में लगे रहते हैं। संसद परिसर में विपक्ष का प्रदर्शन जारी-आज सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद ही दोनों सदनों को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। इसके बाद फिर दोनों सदनों को कल के लिए स्थगित कर दिया गया। अदाणी मुद्दे पर सोमवार को भी लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत विपक्षी पार्टियों के सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और समाजवादी पार्टी (सपा) दोनों ही पार्टियां इस प्रदर्शन से दूर थीं। इसके अलावा राकांपा-एसपी सांसद सुप्रिया सुले भी प्रदर्शन के दौरान वहां मौजूद नहीं थीं। बता दें कि संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर को शुरू हुआ था और यह 20 दिसंबर तक चलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अरविंद केजरीवाल की ऑटोवालों को पांच बड़ी गारंटी, बच्चों की कोचिंग का खर्च और मिलेगा इंश्योरेंस

दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए आम आदमी पार्टी ने बड़ा एलान किया है। अरविंद केजरीवाल ने चुनाव से पहले ऑटोवालों को पांच बड़ी गारंटी दी है। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए आम आदमी पार्टी ने बड़ा एलान किया है। अरविंद केजरीवाल ने ऑटोवालों को पांच बड़ी गारंटी दी है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में ऑटो वालों का इंश्योरेंस होगा। ऑटोवालों को 10 लाख तक का इंश्योरेंस मिलेगा।दिल्ली में दोबारा आम आदमीं पार्टी की सरकार बनने पर सभी ऑटो वाले भाइयों के लिए केजरीवाल की 5 गारंटियां - हर चालक का 10 लाख तक का जीवन बीमा और 5 लाख का एक्सीडेंट इंश्योरेंस बेटी की शादी में 1 लाख की सहायता वर्दी के लिए साल में 2 बार ?2500 आगे कहा कि ऑटो ड्राइवर की बेटी की शादी में एक लाख की सहायता देंगे। ऑटो वालों की वर्दी के लिए साल में 2 बार 2500 रुपये ऑटोवालों के खाते में जाएंगे। ऑटोवालों के बच्चों की कोचिंग का खर्चा सरकार उठाएगी।अरविंद केजरीवाल मंगलवार को न्यू कोंडली में अपनी पत्नी सुनीता के साथ एक ऑटो ड्राइवर के घर पहुंचे। जहां उन्होंने खाना खाया है। इससे पहले केजरीवाल ने ऑटो वालों से मुलाकात की थी और एक ऑटो चालक ने घर पर खाना खाने के लिए बुलाया था।

## शंभू बॉर्डर से सरवन सिंह पंधेर का एलान, 14 दिसंबर को दिल्ली कूच करेगा 101 किसानों का जत्था

पंजाब हरियाणा सीमा के पास शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने एक बार फिर मंगलवार को दिल्ली कूच का एलान किया है। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि 101 किसानों का जत्था 14 दिसंबर को दिल्ली की तरफ बढ़ेगा। पंजाब हरियाणा सीमा के पास शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने एक बार फिर मंगलवार को दिल्ली कूच का एलान किया है। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि 101 किसानों का जत्था 14 दिसंबर को दिल्ली की तरफ बढ़ेगा। मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा और किसान-मजदूर संघर्ष समिति की सामूहिक बैठक हुई। इसके बाद आगामी निर्णय लिया गया। पंधेर ने साफ किया कि किसान भागने वाले नहीं हैं, बल्कि सरकार को भगाएंगे। जगजीत डल्लेवाल का वजन 11 किलो घटा- इस बीच किसान संगठनों के बड़े नेता शंभू बॉर्डर से खनौरी बॉर्डर पहुंच गए हैं। किसानों ने यहां मंगलवार को सामूहिक भूख हड़ताल रखा। सोमवार को किसान नेता काका सिंह कोटडा ने मंच से कहा कि संयुक्त मोर्चा के प्रमुख जगजीत डल्लेवाल की सेहत लगातार बिगड़ती जा रही है। उनका वजन करीब 11 किलो कम हो गया है। वह काफी कमजोरी महसूस कर रहे हैं। उन्हें चक्कर आते रहते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक डल्लेवाल के लिवर फंक्शन टेस्ट खराब आ रहे हैं। दिलबाग सिंह की हालत ठीक नहीं- पंधेर ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि शंभू बॉर्डर पर लगातार हरियाणा पुलिस व सुरक्षा बलों की ओर से किसान नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। शुक्रवार को दिल्ली कूच करने गए जत्थे में शामिल किसान नेता सुरजीत सिंह फूल को घायल किया गया। वहीं रविवार को रेस्क्यू टीम में शामिल किसान नेता दिलबाग सिंह को घायल किया गया। दिलबाग सिंह की हालत ठीक नहीं है और उन्हें इमरजेंसी में शिफ्ट किया जा रहा है। किसान पीछे हटने वाले नहीं- पंधेर- पंधेर ने कहा कि केंद्र के मंत्री आए दिन उल्टे सीधे बयान देते रहते हैं। यही वजह है कि मोदी सरकार ने लोगों में अपना विश्वास खो दिया है। हरियाणा व पंजाब पुलिस प्रशासन ने किसानों से समय मांगा था, उन्हें दे दिया।




अब अगर बातचीत का न्योता आता है, तो बहुत अच्छा है। लेकिन अगर नहीं आता है, तो फिर मंगलवार को दोनों फोरमों की ओर से बैठक में विचार करने के बाद दिल्ली कूच पर फैसला लिया जाएगा। किसान पीछे हटने वाले नहीं हैं। हर हाल में अपनी मांगों को केंद्र से मनवा कर ही रहेंगे। पंधेर ने पंजाब के सभी गायकों व प्रसिद्ध शख्सियतों से बॉर्डरों पर अपनी मांगों को लेकर महीनों से बैठे किसानों के हक में आगे आकर आवाज बुलंद करने की अपील भी की। राजनीति भी तेज- किसान आंदोलन पर पंजाब में राजनीति भी तेज हो गई है। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा कि किसान बस यही मांग रहे हैं कि एमएसपी पर कानूनी गारंटी दी जाए। लेकिन केंद्र का व्यवहार ठीक नहीं है। किसानों पर लाठीचार्ज हो रहा है और उन्हें दिल्ली नहीं जाने दिया जा रहा है। राहुल गांधी ने भी एमएसपी पर कानूनी गारंटी का मामला उठाया है। अगर हमें मौका मिला तो हम संसद में शून्यकाल या प्रश्नकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाएंगे। कांग्रेस विधायक प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां कॉरपोरेट समर्थक और किसान विरोधी हैं। हमें उनसे कोई उम्मीद और अपेक्षा नहीं है। वहीं पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने कहा कि केंद्र सरकार को आगे आकर किसानों से बात करनी चाहिए।

## 'बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा के लिए करें हस्तक्षेप', धार्मिक नेता रामगिरी की केंद्र से मांग

बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार से मांग की गई है। ये मांग धार्मिक नेता रामगिरी महाराज की तरफ से की गई है। बता दें कि, बांग्लादेश में जुलाई-अगस्त से जारी हिंसा में ज्यादातार हिंदुओं को निशाना बनाया गया है।धार्मिक नेता रामगिरी महाराज ने मंगलवार को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के लिए केंद्र सरकार से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने हिंदू समुदाय से जाति समूहों में न बंटने और एकजुट रहने की भी अपील की है। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिला कलेक्ट्रेट में प्रदर्शनकारियों की एक सभा को संबोधित करते हुए रामगिरी महाराज ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के खिलाफ तुरंत बड़ा कदम उठाने की जरूरत है। बता दें कि, ये प्रदर्शन सकल हिंदू जनजागरण समिति की तरफ से आयोजित किया गया था।%बांग्लादेश में हिंदू अत्याचारों के कारण पीड़ित हैं% इस दौरान धार्मिक नेता रामगिरी महाराज ने कहा, बांग्लादेश में हिंदू अत्याचारों के कारण पीड़ित हैं। यहां तक कि हिंदू महिलाओं को भी नहीं बख्शा जा रहा है। मंदिरों और बुद्ध विहारों में तोड़फोड़ की जा रही है। सनातन धर्म किसी भी समुदाय से नफरत नहीं करता है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान इस्कॉन ने बांग्लादेश के लोगों को भोजन कराया, लेकिन अब वे संगठन के खिलाफ हो गए हैं। हिंदुओं पर अत्याचार बंद होना चाहिए- रामगिरी रामगिरी महाराज ने आगे कहा कि, कुछ मतलबी लोग सड़कों पर उतर रहे हैं। वे भारतीय संविधान पर



विश्वास करने का आह्वान कर रहे हैं। अगर ऐसा है तो %सर तन से जुदा जैसे नारे क्यों लगाए जा रहे हैं?उन्होंने कहा कि हिंदुओं को जातियों में नहीं बांटा जाना चाहिए। सरकार को बांग्लादेश में अन्याय और अत्याचार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। अगर सरकार ऐसे फैसले नहीं ले सकती तो समुदाय को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा, हिंदुओं पर अत्याचार बंद होना चाहिए। सभी को अपने पसंद का धर्म अपनाने की स्वतंत्रता- रामगिरी रामगिरी महाराज ने कहा कि हर किसी को अपनी पसंद का धर्म अपनाने की स्वतंत्रता है। इस साल की शुरुआत में हिंदू संत ने पैगंबर मोहम्मद और इस्लाम के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवाद खड़ा कर दिया था, जिसके कारण पूरे महाराष्ट्र में उनके खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए थे। इस बीच, मंगलवार को मराठवाड़ा क्षेत्र के नांदेड़ और परभणी शहरों और बीड जिले के कुछ गांवों में बांग्लादेश की स्थिति को लेकर प्रदर्शन हुए। शिवसेना विधायक बालाजी कल्याणकर नांदेड़ में एक हिंदू संगठन की तरफ से आयोजित प्रदर्शन में शामिल हुए। मानवाधिकार दिवस है। बांग्लादेश में मानवाधिकारों का उल्लंघन दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें उम्मीद है

## यूपी में बड़ा सड़क हादसा: हाथरस में कंटेनर और मैक्स की भीषण टक्कर, दर्दनाक हादसे में सात की मौत, 13 घायल



हाथरस में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। कंटेनर और मैक्स की भीषण टक्कर हुई है। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग घायल हुए हैं।उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, हाथरस जंक्शन के गांव जैतपुर के पास मथुरा-बरेली मार्ग पर कंटेनर और मैक्स के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसे में मैक्स में सवार सात लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन महिलाएं और एक बच्चा है। 13 लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिसमें से छह की हालत गंभीर बताई जा रही है।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। साथ ही शवों को कब्जे में ले लिया। पुलिस हादसे की जांच में जुटी है।

## संपादकीय Editorial

### Election to test Hindutva

This was an election to test the Hindutva of the Sangh-BJP in Maharashtra. Nearly 60,000 small meetings of 15, 20, 30, 45 people were organised under the leadership of the RSS. Such election campaign can be called unprecedented. The focus was on Hindutva, so the work of bringing voters and supporters from every house to the booth was done as a goal, a resolution. The Sangh cadre did not do this work during the Lok Sabha elections. The cadre was angry or remained neutral or was overconfident that voting would take place in the name of Prime Minister Modi, so the election campaign was scattered. Its results are now in front of the world. More or less, the focus in the Maharashtra elections was on 'If divided, they will be cut off' and 'If we are one, we will be safe', which was an indirect call for Hindutva. The Sangh also verified these slogans. The objective and concern during the election campaign was not how many BJP MLAs can win, whether the figure of 100 will be crossed or not, whether the 'Mahayuti' will finally get the majority or not. The basic concern and concern was how deep and wide Hindutva can go during the election? How many votes can come in favour of Hindutva influenced by it? In view of the way voting was done in Maharashtra and for the first time after 1995, more than 65 percent voting has taken place, the Sangh-BJP estimates that the experiment of Hindutva in the election has been successful. BJP believes that if it emerges as the largest party by winning 100 or more seats, then the government will be formed by the 'Mahayuti'. This experiment of Hindutva was also done on a small, limited scale in Jharkhand. There, Hindutva was talked about through tribals and infiltration and it was propagated that the population equations should not change. However, most of the estimates that have come out after the elections are that a BJP-Mahayuti government can be formed in Maharashtra. However, 'exit polls' have lost their credibility, survey capability and reliability, because from the Lok Sabha elections to the mandate of Haryana, their estimates have proved to be completely wrong and opposite. Still, the estimates that have been made public professionally cannot be completely rejected. There are also some estimates that the 'Maha Vikas Aghadi' has an edge in Maharashtra and the JMM alliance in Jharkhand. We had also gathered information at the Congress level. The Congress itself believes that its strike rate in Maharashtra can be around 60 percent, while in Jharkhand it had given the entire responsibility to JMM. The Congress was almost inactive. However, the Congress believes that the Constitution, caste census etc. remained major issues even during the assembly elections. In fact, the Sangh-BJP want to revive the 'Hindutva' issue of 1990 afresh. However, the grand temple of Lord Ram has been built in Ayodhya and the remaining construction is also going on. Now, the expansion of Vishwanath Corridor in Mathura's Sri Krishna Janmabhoomi and Kashi and the legal withdrawal of Hindu temple from Gyanvapi Mosque are the new bases of Hindutva. Interestingly, there are BJP-NDA governments in most of the states along with the Center, so they can also claim development. The nationwide relevance of many schemes of Prime Minister Modi has been proved. A large part of the country is still supporting Modi as Prime Minister. However, the country has a debt of about Rs 200 lakh crore. Inflation, unemployment, farming are very sensitive issues, but when the issue of 'vote jihad' is raised, then there is a natural polarization in favor of Hindutva as well. However, if the mandate on Hindutva remains as expected, then the Sangh-BJP can use it in other states as well. Assembly elections are to be held in Delhi and Bihar in 2025.

# Understand the condition and direction of the market, do not depend on one revenue source

Investors have to understand that investment assets often have cyclical trends. In this, peak to bottom situation is inevitable. There are countless factors affecting the market and in reality no one can have complete control over them. For example, during the tenure of President Trump, there are chances of reduction in corporate tax in America, which will increase the profits and discretionary expenses of companies. Proverbs have proved their relevance on every test of time, period and circumstances. There is an old proverb that do not keep all your fruits in one basket. This proverb is equally accurate on the front of financial discipline and planning along with the underlying lesson of life. An evergreen financial advice is given that one should never depend on only one revenue source. No matter what profession a person is in, it is always beneficial for him to develop different sources of income. If we talk about the Indian middle class before liberalism, then its savings were mainly done by investing in bank deposits, insurance, real estate and gold. Interest and rental income diversified the revenue stream of an average family. Over time, relatively complex but sophisticated means of investment also emerged. People betting in the capital market directly through equities or mutual funds sought the mantra of significant profits. If dividends on shares became an important source of virtually tax-free income for the first generation of stock investors, the subsequent generations were attracted by the aspect of high growth in the original capital. Investment in the stock market outpaced the growth in other investment avenues. After liberalization, India witnessed the emergence of a new class of investment advisors. These advisors started helping their clients in choosing myriad investment options. After the Corona epidemic, the number of capital market investors has expanded widely. Equity investment may be an old concept, but it has seen unprecedented growth during the last five years. The number of investors and the amount of investment have increased manifold. This growth can be gauged from the fact that during the last four years, the number of demat accounts has increased from four crore to 17 crore. SIP (Systemic Investment Plan) investments in equity funds have also reached record levels. The Indian stock market was riding an unimaginable boom and reached historic highs till the end of September, but the market has fallen by more than 10 percent in the last two months. Since a large number of investors entered the market for the first time after the pandemic, this is their first experience of massive asset devaluation, where their investments have declined so much. In such a situation, some panic and even panic is natural. This kind of environment is unfavorable for a stable and stable investment scenario. To calm this noise, it may be useful to look at some fundamental aspects. What has been the reason for such huge investment in the capital market in the past years? Apart from the very natural reason of capital gains, an important, but less discussed reason is related to the taxation policy in India. All fixed income schemes currently attract the highest rates of tax. Whether it is bank deposits, debt mutual funds or market linked debentures, all are taxed as per your income, which can go up to a maximum of 40 per cent. Some time back, a different taxation policy existed where some of these were taxed as long term capital gains with indexation. That reduced the tax burden somewhat. In the current tax system, the post-tax income on fixed income investments has reduced significantly, which is not even in line with the rate of inflation. This need not necessarily be taken as a criticism of tax policy. In this context, it is argued that all investments of the same nature should be taxed equally. Investors should take their decision based on the quality of the scheme concerned, and not on the unfair and differential tax benefits that it offers. However, the natural regressive outcome of this is that investors are forced to move towards equities despite inadequate information. Investors must understand that investment assets often have a cyclical trend. In this, peak to bottom situations are inevitable. There are innumerable factors that affect the market and in reality, no one can have full control over them. For example, during President Trump's tenure, there are chances of reduction in corporate tax in America, which will increase the profits and discretionary expenses of companies. Indian companies active in America should also get the benefit of this. On the other hand, there is also a fear of increase in tariff rates. In such a situation, exports to America will be adversely affected and we will also not be able to remain untouched by it. Capital flight of institutional investors from emerging markets to safe havens, currency devaluation, military conflicts and confrontations and political instability also cause decline in the market. There are many other complex aspects. Only correct understanding of these aspects and restrained conduct will save you from the storms of the market. Stock investment is not a game of speculation. A person wishing to invest should try to understand the business, capabilities and future prospects of the concerned sector or company. Long term Share value cannot be separated or delinked from earnings per share. Irrational price earnings multiples are not sustainable. In fact, the generally accepted theory is that equity investors should invest for a minimum period of three to five years with a long-term perspective. It is not that other attractive options are not available, but the excellent combination of liquidity and growth gives equity investment a different charm. It would be appropriate if awareness programmes and structured education could be arranged for the investor class. Will the market fall further? Uncertainty is the most certain aspect of the markets. Remember that high returns are usually accompanied by some risk. It is impossible to eliminate risk, but efforts can certainly be made to reduce it. Calculated risks and decisions taken on the basis of correct information are the only way to move forward.

# Russia-Ukraine war takes dangerous turn

Russian President Putin has been warning from day one that if America and Europe come forward to defend Ukraine, he will consider it as their direct interference in the war. Now Russia has changed the rules for using nuclear weapons to threaten Ukraine as well as America and European countries and has also said that it will target the US airbase in Poland. After Donald Trump's victory in the US presidential election, when it was believed that the ongoing war between Russia and Ukraine could end, it seems to be taking a dangerous turn. The reason for this is that US President Joe Biden decided to equip Ukraine with such weapons, which would enable it to face Russia. In this sequence, he also allowed Ukraine to use long-range missiles against Russia. As soon as this permission was given, Ukraine did not delay in using such missiles against Russia. It has also started using missiles received from Britain against Russia. In response, Russia also showed its attitude and for the first time targeted Ukraine with an intercontinental ballistic missile. This missile is also capable of carrying nuclear weapons. Russian President Putin has been warning from day one that if America and Europe come forward to defend Ukraine, he will consider it as their direct interference in the war.

Now Russia has changed the rules for using nuclear weapons to threaten Ukraine along with America and European countries and has also said that it will target the US airbase in Poland. It is not known what will happen next, but it is not right that the war which was expected to end has now become more likely to flare up. US President Joe Biden is being held responsible for this and it is being said that he is worsening the situation before leaving his post and is pushing the world towards a third war. Joe Biden's decision is also being criticized in America, but it should also be kept in mind that he decided to give lethal weapons to Ukraine after reports came out that North Korean forces have come to the front to help Russia. The US President can justify his decision, but it cannot be denied that he did not make any sincere effort to end the 33-month-old war between Russia and Ukraine. Like the US, the European countries also did not bother to address the reasons that had increased Russia's security concerns and in the name of resolving them, it targeted Ukraine. By the way, it is also difficult to understand what Russia will achieve by occupying as much land of Ukraine as possible? Now that the possibility of a Russia-Ukraine war has increased and Donald Trump is yet to assume the presidency, the Indian Prime Minister should come forward to mediate. He may be capable of doing this, because eventually some agreement will be reached.Russian President Putin has been warning from day one that if America and Europe come forward to defend Ukraine, he will consider it as their direct interference in the war. Now Russia has changed the rules for using nuclear weapons to threaten Ukraine as well as America and European countries and has also said that it will target the US airbase in Poland. After Donald Trump's victory in the US presidential election, when it was believed that the ongoing war between Russia and Ukraine could end, it seems to be taking a dangerous turn. The reason for this is that US President Joe Biden decided to equip Ukraine with such weapons, which would enable it to face Russia. In this sequence, he also allowed Ukraine to use long-range missiles against Russia. As soon as this permission was given, Ukraine did not delay in using such missiles against Russia. It has also started using missiles received from Britain against Russia. In response, Russia also showed its attitude and for the first time targeted Ukraine with an intercontinental ballistic missile. This missile is also capable of carrying nuclear weapons. Russian President Putin has been warning from day one that if America and Europe come forward to defend Ukraine, he will consider it as their direct interference in the war. Now Russia has changed the rules for using nuclear weapons to threaten Ukraine along with America and European countries and has also said that it will target the US airbase in Poland. It is not known what will happen next, but it is not right that the war which was expected to end has now become more likely to flare up. US President Joe Biden is being held responsible for this and it is being said that he is worsening the situation before leaving his post and is pushing the world towards a third war. Joe Biden's decision is also being criticized in America, but it should also be kept in mind that he decided to give lethal weapons to Ukraine after reports came out that North Korean forces have come to the front to help Russia. The US President can justify his decision, but it cannot be denied that he did not make any sincere effort to end the 33-month-old war between Russia and Ukraine. Like the US, the European countries also did not bother to address the reasons that had increased Russia's security concerns and in the name of resolving them, it targeted Ukraine. By the way, it is also difficult to understand what Russia will achieve by occupying as much land of Ukraine as possible? Now that the possibility of a Russia-Ukraine war has increased and Donald Trump is yet to assume the presidency, the Indian Prime Minister should come forward to mediate. He may be capable of doing this, because eventually some agreement will be reached.

# नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक में पारित हुआ 832 करोड़ से अधिक का बजट

**नगर निगम कार्यकारिणी की हुई बैठक...गृहकर जलकर की लंबित आपत्तियों की जल्द सुनवाई कर निस्तारण कराएं, वेंडिंग जोन में दुकानों का प्रीमियम संशोधित करने की उठी मांग**

मुरादाबाद-नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को पीलीकोठी स्थित महापौर के शिविर कार्यालय में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता महापौर विनोद अग्रवाल ने की। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल की मौजूदगी में हुई बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 का पुनरीक्षित बजट पेश किया गया। जिस पर चर्चा के बाद कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से 832 करोड़ 87 लाख 97 हजार का पुनरीक्षित बजट पारित कर दिया। इसमें सीवर कर में 6 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया गया है। बताया गया है इसमें 15वें वित्त आयोग से इस बार 70 करोड़ की जगह 71 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। आय पक्ष में होर्डिंग और विज्ञापन में 3 की जगह 4 करोड़ रुपये की आमदनी होगी। एक करोड़ रुपये की अतिरिक्त कमाई की जाएगी। बैठक में कांग्रेस के पार्षद नदीम ने पूरे महानगर में खोखे की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। महापौर ने बताया कि 22 दुकानों में से 16 को वहां खोखे लगाने वालों को दिया जा रहा है। जबकि 6 का आवंटन नीलामी के माध्यम से किया जाएगा महापौर ने प्रीमियम कम करने के लिए संशोधन करने के लिए कहा। पार्षद गीता शर्मा ने गृहकर व जलकर वसूली का मुद्दा उठाया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह ने बताया कि पार्षद के वार्ड में भी शिविर लगाकर गृहकर व जलकर की आपत्तियों का निस्तारण कर वसूली की जा रही है। नगर निगम कार्यकारिणी के उप सभापति पार्षद डा. गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि आपत्तियों का समुचित निस्तारण नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 6 महीने पहले शिविर में 40 आपत्तियां आईं थीं। जिसमें 24 अनिस्तारित हैं। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने दो दिन में लंबित आपत्तियों का निस्तारण करने का निर्देश अपर नगर आयुक्त प्रथम को दिया।नगर आयुक्त ने बताया कि अभी नगर निगम 48,000 घरों से टैक्स वसूली कर रहा है। पार्षद चंद्र भान ने बताया कि भदौरा स्थित नाले का मुद्दा उठाया। उन्होंने नाले पर किए गए भोलानाथ कालोनी जयंती पुर से अतिक्रमण को हटवाने के लिए कहा। अपर नगर आयुक्त ने पार्षद की मौजूदगी में समस्या का समाधान कराने की बात कही। नगर आयुक्त ने बताया कि जिलाधिकारी से वार्ता कर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में नाले से अतिक्रमण हटाया जाएगा। पार्षद विशाल ने महानगर में पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मुद्दा उठाया। इस पर महापौर ने बताया कि मल्टी लेवल पार्किंग पीपीपी माडल पर तैयार कर आवंटन किया जाए। पार्षद नदीम ने कहा कि सड़क की साइड पटरी की ढाल व्यापारियों के द्वारा सड़क की ओर करने से नागरिकों की समस्या उठाई। महापौर ने कहा कि नगर निगम के अधिकारी सुनिश्चित करें कि कोई व्यापारी ऐसा न करे, जहां ऐसा हुआ है ऐसे व्यापारियों पर पेनाल्टी लगाई जाए। पार्षद नदीम ने कहा कि सड़क की साइड पटरी की ढाल व्यापारियों के द्वारा सड़क की ओर करने से नागरिकों की समस्या उठाई। महापौर ने कहा कि नगर निगम के अधिकारी सुनिश्चित करें कि कोई व्यापारी ऐसा न करे, जहां ऐसा हुआ है ऐसे व्यापारियों पर पेनाल्टी लगाई जाए। पार्षद ने लालबाग काली मंदिर के पास विक्टोरिया लाइट लगवाने के लिए कहा।महापौर ने कहा कि बताया गया था दिसंबर तक स्मार्ट सिटी के लंबित परियोजनाओं को पूरा कर लिया जाएगा। इसे सुनिश्चित करें। कार्य के दौरान छोड़े गए मलबा हटाने में लापरवाही पर नाराजगी जताई। नगर आयुक्त ने कार्यदायी संस्थाओं के खिलाफ कारवाई करने के लिए कहा। महापौर ने कहा कि सड़कों पर खुशहालपुर व बुद्धि विहार, ह्वाइट हाउस के पास बजरी, बजरफुट रखकर अतिक्रमण और पर्यावरण प्रदूषित किया जा रहा है। इस पर कड़ी कारवाई करने और विरोध करने वालों का सामान जब्त करने का निर्देश दिया गया। मिलन विहार का गेट मरम्मत कराने की मांग पार्षद गीता शर्मा ने रखी। इस पर नगर आयुक्त ने मौके का निरीक्षण कराकर कार्य कराने के लिए कहा। बैठक में अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार, द्वितीय अजीत कुमार, वित्त एवं लेखाधिकारी एके मिश्र, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. सुनील दोहरे, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार, पर्यावरण अभियंता अभिषेक कुमार, प्रवर्तन दल के प्रभारी एसके शाही सहित अधिकारी और कार्यकारिणी के उप सभापति डा. गौरव श्रीवास्तव व सदस्य उपस्थित रहे। हरी भरी कंपनी निगम से मुक्त- नगर निगम की ओर से कूड़ा निस्तारण के लिए पूर्व में अनुबंधित हरी भरी कंपनी पर चर्चा हुई। महापौर ने कहा कि कंपनी द्वारा एक साल से काम नहीं किया। इस पर नगर आयुक्त ने नोटिस देकर उस पर 5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। महापौर ने कहा नगर आयुक्त की सख्ती से कंपनी काम छोड़ रही है, इसके लिए नगर आयुक्त बधाई के पात्र हैं। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लंबित आवेदन होंगे निस्तारित- बैठक में कार्यकारिणी के सदस्य पार्षदों ने कहा कि उनके पत्र के बावजूद 21 दिन में जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र जारी न करने पर आपत्ति जताई। नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त को सभी लंबित आवेदनों का सत्यापन कर उसे निस्तारित कर प्रमाण पत्र 15 दिन में जारी कराने के लिए निर्देश दिया।



## एमडीए के खंडहर सोर्सिंग हब में मिला युवक का सड़ा-गला शव, हत्या की आशंका

मुरादाबाद-पाकबड़ा थाना क्षेत्र में नया मुरादाबाद स्थित एमडीए के खंडहर सोर्सिंग हब में युवक का सड़ा-गला शव मिला है। शव मिलने की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो बुरी हालत में शव पड़ा हुआ था। जानकारी मिलने पर सीओ हाईवे मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर सभी साक्ष्य जुटाए। हत्या की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है कटघर थानाक्षेत्र के मोहल्ला सिंहमन हजारी निवासी बॉबी यादव ( 24 ) पुत्र गोपाल यादव सप्ताह भर पहले घर से निकला था। तभी से वह लापता था। इसके बाद बॉबी के भाई सौरभ यादव ने उसके साथी राकेश राणा से पूछताछ की थी। उसने बताया कि पाकबड़ा की ओर एक लाश पड़ी है। उसके भाई सौरभ यादव ने बताया कि राकेश राणा ने उन्हें शव दिखाया और वहां से भाग गया। जानकारी के अनुसार, आधे शव को कुत्तों द्वारा खा लिया गया। उसके दोनों हाथ बंधे हुए थे। इसके बाद उन्होंने पाकबड़ा पुलिस को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने जाकर देखा। सीओ हाईवे कुलदीप कुमार गुप्ता भी सूचना पाकर मौके पर पहुंच गए। मंगलवार सुबह पुलिस ने सड़ा-गला शव बरामद किया है। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।



# हरथला इतवार बाजार में टूटी सड़कें, आवागमन में हो रही परेशानी...जगह-जगह लटक रहे बिजली के तार

## शिकायत के बाद भी वार्ड 8 और 15 के पार्षद एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल कर हो जा रहे मुक्त

मुरादाबाद- हरथला इतवार बाजार में रहने वालों का टूटी सड़कों, लटकते बिजली के तार और जगह-जगह पसरी गंदगी से जीना मुहाल है, लेकिन यह क्षेत्र दो वार्डों के पार्षदों की जंग में बदहाल पड़ा है। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि वार्ड 15 और वार्ड 8 के पार्षद अपने-अपने क्षेत्र में न होने का हवाला देकर तमाम शिकायतों के बावजूद भी विकास कार्यों की अनदेखी करते हैं। हरथला इतवार बाजार की समस्याओं की बदहाली दूर करने के लिए न तो सरकारी तंत्र गंभीर नजर आता है और न ही जनप्रतिनिधि इसकी बिगड़ी हुई सूरत को संवारने में मदद कर रहे हैं। फिलहाल यहां के लोगों को पिछले 2 साल से टूटी सड़कों और लटकते बिजली के तारों के बीच से गुजरना पड़ रहा है। हरथला इतवार बाजार वाली गली पिछले दो साल से टूटी पड़ी है, लेकिन अभी तक इसकी मरम्मत नहीं कराई जा सकी है। यहां के लोगों को टूटी सड़कों के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां से गुजरने वाले लोग कई बार चोटिल भी हो चुके हैं। इसके बाद भी जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर नहीं है। स्थानीय निवासी अनुज गुप्ता आरोप लगाते हैं कि यहां की टूटी सड़क दो विभाग और दो पार्षदों के बीच फंस कर रह गई। स्थानीय लोग निगम के अधिकारियों से कहते हैं तो वह जल निगम का काम बताकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। कई बार क्षेत्रीय लोगों ने पार्षद को भी समस्या के बारे में बताया तो उन्होंने दूसरे वार्ड का हवाला देते हुए काम कराने से मना कर दिया। यहां के रहने वाले लोग अपने को वार्ड 15 का वाशिंदा बता रहे हैं, जबकि वार्ड-15 पार्षद का दावा है कि यह क्षेत्र वार्ड 8 का हिस्सा है। हरथला इतवार बाजार में पिछले दो साल से सड़कें टूटी पड़ी हैं। कई बार स्थानीय पार्षद से भी शिकायत की, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हो सका है। इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। टूटी सड़क से लोग भी चोटिल हो चुके हैं। हमारे कारोबार पर भी असर पड़ता है। क्योंकि ग्राहक यहां नहीं आना चाहते।- मोहित विश्नोई, दुकानदार नगर निगम की ओर से कभी तार डालने के लिए तो कभी सीवर लाइन का काम करने के लिए सड़कों को खोद दिया जाता है। यहां पिछले 2 साल से सड़कें बदहाल पड़ी हैं। कई बार जिम्मेदारों को समस्या के बारे में बताया, लेकिन कोई सड़कों की हालत सुधारने को कोई भी जिम्मेदार तैयार नहीं है। - अर्पित वर्मा, दुकानदार हमारी गली में सफाई कर्मचारी नियमित नहीं आते हैं। जिस वजह से हम लोगों को गंदगी का सामना करना पड़ता है। यह हाल पिछले कई सालों से है। ऐसे में बीमारी उत्पन्न होने का डर बना रहता है। इन समस्याओं के बीच भी हम लोगों को गुजर बसर करनी पड़ रही है। -सुरभि गुप्ता, स्थानीय निवासी हरथला इतवार बाजार गली में खंभों पर बिजली के तार लटके हुए हैं, जिससे बरसात के मौसम में करंट आने का भी डर बना रहता है। इतना ही नहीं एक बिजली का खंभे का कोई इस्तेमाल नहीं है। जिसको हटाने के लिए भी कई बार कहा गया, लेकिन अभी तक समाधान नहीं हो सका है। -प्रेमपाल यादव, दुकानदार टूटी सड़क दो विभागों के बीच में फंसकर रह गई है। निगम को बोलो तो जल निगम पर टाल दिया जाता है। हम लोगों की समस्या का कोई समाधान नहीं कर रहा है। कई बार पार्षद को भी समस्या से अवगत कराया, लेकिन उन्होंने भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।-रोहित विश्नोइ, स्थानीय निवासी



## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में 50 लाख से अधिक की परियोजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई

